C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:47 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:14 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 187 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 17 जनवरी 2025


राम चरण का नहीं चल पा रहा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दोबाटा के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा डंपर

**उत्तरकाशी।** शुक्रवार सुबह पोल गांव से बड़कोट की तरफ जा रहा डंपर दोबाटा के पास सड़क पर पलट गया।

यमुनोत्री हाईवे पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसा हो गया। दोबाटा के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना में चालक बाल-बाल बचा। डंपर के पलटते ही चालक ने कूदकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह पोल गांव से बड़कोट की तरफ जा रहा डंपर दोबाटा के पास सड़क पर पलट गया। डंपर पलटने से से यमुनोत्री राजमार्ग पर करीब आधे घंटे तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। कुछ देर बाद क्रेन की मदद से डंपर को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हुई।

### काशीपुर में नकली शराब के 217 अद्धे-पव्वों के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** निकाय चुनाव के चलते पुलिस, एसओजी टीम ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर ब्रांडेड कंपनी की नकली शराब के 217 अद्धे-पव्वे बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से दो बाइक भी कब्जे में लेकर कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा व एसपी अभय सिंह ने शिकायत मिलने पर पुलिस व एसओजी टीम का गठन किया। बीते बुधवार को एसपी अभय सिंह ने कोतवाली में घटनाक्रम का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एसओजी प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ढकिया गुलाबो मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो बाइक सवारों को पकड़ा। आरोपियों ने अपना नाम हरपाल निवासी सिरसी मकदूमपुर नखासा भीमनगर (यूपी) और प्रदीप कुमार निवासी खड़कपुर देवीपुरा लाईनपार थाना आईटीआई बताया। पुलिस ने अलग-अलग ब्रांड की नकली शराब के 98 पव्वे और 119 क्वार्टर बरामद किए।

## मैदान में कोहरे का येलो अलर्ट, बर्फबारी के बाद बदरीनाथ-मलारी हाईवे बंद

देहरादून | हमारे संवाददाता

पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने और हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में मौसम हर पल बदल रहा है। गुरुवार को तीन दिन बाद मौसम में अचानक बदलाव हुआ तो पहाड़ से लेकर मैदान तक ठंड बढ़ गई। बारिश-बर्फबारी के चलते दिन का अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि रात के समय तापमान सामान्य रहा। वहीं, आज दिन की शुरुआत कड़कती धूप के साथ हुई। मौसम की बात करें तो शुक्रवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने और मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने से ठंड बढ़ सकती है। पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने और हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



गुरुवार को पहाड़ों में खूब बर्फबारी हुई। जिसके चलते बदरीनाथ, मलारी हाईवे बंद पड़ा है। औली की सड़क पर टीवी टावर से आगे बर्फ और पाला गिरने से छोटे वाहनों की आवाजाही बंद रही।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के स्थापना के 150 साल वर्ष पूरे हो चुके हैं। मौसम विज्ञान के इस लंबे इतिहास में बीते साल 2024 में दून में हर मौसम के कई नए रिकॉर्ड बने। अपने ठंडे और हसीन मौसम के लिए मशहूर दून घाटी साल 2024 में जमकर झुलसी। 31 मई 2024 के दिन दून का अधिकतम तापमान सात डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 43.2 दर्ज किया गया। दून में पारा कभी इतना ऊपर नहीं गया। मौसम विभाग एक जनवरी 1867 से देहरादून में तापमान की गणना कर रहा है, इसमें 43.2 डिग्री मई में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। जून के शुरूआत में भी गर्मी ने खूब सताया। इसके बाद बारिश ने भी इसी साल नया रिकॉर्ड बनाया। हालांकि बारिश का रिकॉर्ड में साल का इतना अंतर देखने को नहीं मिला। सर्दियों की बात करें तो साल 2014 में अब तक की सबसे अधिक बर्फबारी हुई। 2014 में प्रदेश भर के पर्वतीय इलाकों में 57.5 इंच बर्फबारी हुई, जो मौसम के 157 साल के इतिहास में सबसे अधिक है।

### दिल का दौरा पड़े बाकी आईसीयू में भर्ती

## महाकुंभः तीन महंत सहित छह को दिल का दौरा, एक की मौत

नई दिल्ली | एजेंसी

महाकुंभ में संगम स्नान को आए तीन महंतों सहित छह श्रद्धालुओं को दिल का दौरा पड़ गया। उन्हें सेक्टर दो स्थित केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन सभी को बृहस्पतिवार की दोपहर अस्पताल के आईसीयू वार्ड शिफ्ट किया गया।

महाकुंभ में संगम स्नान को आए तीन महंतों सहित छह श्रद्धालुओं को दिल का दौरा पड़ गया। उन्हें सेक्टर दो स्थित केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन सभी को बृहस्पतिवार की दोपहर अस्पताल के आईसीयू वार्ड शिफ्ट किया गया। वहीं, राजस्थान के एक श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत हो गई। केंद्रीय अस्पताल में भर्ती होने वालों में जूना अखाड़े के महंत नारायण गिरि, जूना अखाड़े के महंत बसंत भारती, जूना अखाड़े के महंत तारा गिरि हैं। इसके अलावा दो अन्य श्रद्धालुओं में में प्रतापगढ़ की सुनीता देवी (38) और फतेहपुर आनंद कुलभूषण मिश्रा (70) को हार्ट अटैक के बाद केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, सेक्टर 19 में अपने साथी सुखराम दास के साथ रुके राजस्थान शिवाना के मदनदास (55) के सीने में भोर में तीन बजे के करीब दर्द उठा। साथी सुखराम ने मेले के मेडिकल स्टोर से इन्हेलर लाकर दिया। कुछ देर आराम मिलने के बाद सुबह फिर से सांस लेने में परेशानी पर उन्हें सेक्टर 20 स्थित उप केंद्रीय अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उप केंद्रीय अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो चुकी थी।



### संगम में डुबकी लगाए बिना लौटीं लॉरेन जॉब्स

विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन के रूप में संगम की रेती पर महाकुंभ का हिस्सा बनने आईं अमेरिका की अरबपति महिला लॉरेन पॉवेल जॉब्स कल्पवास बीच में ही छोड़ दिया है। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन के रूप में संगम की रेती पर महाकुंभ का हिस्सा बनने आईं अमेरिका की अरबपति महिला लॉरेन पॉवेल जॉब्स कल्पवास बीच में ही छोड़ दिया है।

## वैन को टेंपो ने पीछे से मारी टक्कर, नौ की मौत

मुंबई | एजेंसी

**हादसा**

- पुणे के नारायणगांव में भीषण सड़क हादसा

पुणे ग्रामीण पुलिस एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि पुणे के नारायणगांव इलाके में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई, जब एक ट्रक ने पीछे से एक कार को टक्कर मार दी, जो आगे वहां खड़ी एक बस से टकरा गई। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

महाराष्ट्र में शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसा पुणे के नारायणगांव के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, यहां एक तेज रफ्तार टेंपो ने मिनी वैन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नौ लोगों के मौत की खबर है। पुणे ग्रामीण पुलिस एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि पुणे के नारायणगांव इलाके में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई, जब एक टेंपो ने पीछे से एक मिनी वैन को टक्कर मार दी, जो आगे वहां खड़ी एक बस से टकरा गई।

अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 10 बजे के करीब हुआ। मिनी वैन नारायणगांव की तरफ जा रही थी। इस दौरान पीछे आ रहे एक तेज रफ्तार टेंपो ने वैन को टक्कर मार दी। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर आगे सड़क के किनारे खड़ी बस से जा टकराई। हादसे में अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट में आंतरिक शिकायत समिति का गठन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक संवेदनशीलता और आंतरिक शिकायत समिति का दोबारा गठन किया है। 11 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना को बनाया गया है। इसके अलावा समिति में न्यायमूर्ति नोंगमईकापम कोटिश्वर सिंह और ओएसडी सुजाता सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी, लिज़ मैथ्यू और बांसुरी स्वराज शामिल हैं। अधिवक्ता नीना गुप्ता, सौम्यजीत पाणि और साक्षी बंगा भी समिति का हिस्सा हैं।

इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट बार क्लकर्स एसोसिएशन की प्रतिनिधि मधु चौहान और यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो सेंटर इन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक डॉ. लेनी चौधरी भी समिति की सदस्य हैं। इनको मुख्य न्यायाधीश ने नामित किया है।

## लखनऊ से देहरादून आ रही वंदेभारत के आगे आया जानवर

देहरादून | हमारे संवाददाता

लखनऊ से देहरादून आते समय बरेली से पहले वंदेभारत ट्रेन के आगे एक जानवर आ गया। दोनों की टक्कर से ट्रेन के आगे का हिस्सा पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। दून पहुंचने के बाद ट्रेन की मरम्मत की गई।

बृहस्पतिवार को वंदेभारत ट्रेन सुबह 5:15 बजे लखनऊ से देहरादून के लिए रवाना हुई थी। बरेली जंक्शन पहुंचने से पूर्व ट्रेन के आगे एक जानवर आ गया। ट्रेन काफी रफ्तार से चल रही थी। जानवर ट्रेन के आगे की तरफ से नीचे घुस गया। इसमें ट्रेन की नोज छतिग्रस्त हो गई। हालांकि, ट्रेन का संचालन प्रभावित नहीं हुआ है। वह समय पर ही देहरादून पहुंची है। देहरादून रेलवे स्टेशन के कार्यकारी अधीक्षक विपुल नौटियाल ने बताया कि ट्रेन के देहरादून पहुंचने के बाद तकनीशियन की टीम ने जांच की है। फिलहाल ट्रेन के आगे के हिस्से की मरम्मत की गई है।



डिविजनल रेलवे मैनेजर राजकुमार ने बृहस्पतिवार को देहरादून पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। इस दौरान उन्होंने सभी कोच को गाइड भी किया।

## उपचुनावः 17 साल बाद फिर सांसद रहते बेटा चुनाव मैदान में

यूपी | एजेंसी

अयोध्या में अभी तक सिर्फ सेन परिवार को ही सौभाग्य मिला है। इसके पहले पिता के सांसद रहते एक ही दल से 2007 में बेटा विधायक हुआ था।

अयोध्या जिले में 17 साल बाद फिर ऐसा अवसर आया है जब पिता के सांसद रहते बेटा विधायक बनने के लिए चुनाव मैदान में है। 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में मित्रसेन यादव के सांसद रहते उनके पुत्र आनंदसेन विधायक बने थे। इस बार भी अवधेश प्रसाद के सांसद बनने पर उनके बेटे विधानसभा के उम्मीदवार हैं। इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में सेन परिवार का रिकॉर्ड बरकरार रहेगा या फिर 2007 दोहराया जाएगा, इसका निर्धारण भविष्य ही करेगा।



वर्ष 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट से बहुजन समाज पार्टी से जिले के कद्दावर नेता रहे मित्रसेन यादव तीसरी बार सांसद बने थे। उसके बाद 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा से उनके पुत्र आनंदसेन यादव बसपा से ही चुनाव मैदान में उतरे और विधायक चुने गए।

बसपा सरकार में उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा भी मिला। इसके बाद से ही यह सुरक्षित सीट घोषित हो गई और 2012 में सपा से अवधेश प्रसाद विधायक चुने गए। 2017 में भाजपा के बाबा गोरखनाथ, सपा के अवधेश प्रसाद को हराकर विधायक बने, लेकिन अगले ही चुनाव में वह अवधेश प्रसाद से हार गए।

2024 में हुए लोकसभा चुनाव में अवधेश प्रसाद फैजाबाद संसदीय सीट से सांसद बने हैं। ऐसे में रिक्त हुई इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस बार सपा ने सांसद पुत्र अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। उन्होंने बुधवार को नामांकन कर दिया है। सीधी लड़ाई के कारण भाजपा ने ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया है। ऐसे में लड़ाई काफी रोचक हो गई है। आजाद समाज पार्टी से सपा के बागी सूरज चौधरी भी मैदान में है।

# रुद्रपुर में सीएम धामी का प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा और पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप जीत की गारंटी दीजिए, भाजपा विकास की गारंटी लेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा और पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप जीत की गारंटी दीजिए, भाजपा विकास की गारंटी लेगी। उन्होंने भाजपा के मेयर और पार्षद प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करने के साथ ही रोड शो पर जगह -जगह पुष्प वर्षा की।

बृहस्पतिवार की दोपहर मुख्यमंत्री धामी गल्ला मंडी पहुंचे। यहां पर वे भाजपा प्रत्याशी विकास शर्मा के साथ खुली कार में सवार हुए। कार्यकर्ताओं की ओर से भेंट किए हनुमान जी के गदा को उठाकर उन्होंने रोड शो शुरू किया। वाहन में सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, दायित्वधारी उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी सवार थे। इस दौरान मराठा, पंजाबी और पर्वतीय संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां देते कलाकार रोड शो के आगे चल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस के पास झूठ बोलने का हथकंडा है। नजूल भूमि को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। सरकार ने 2600 परिवारों को नजूल के पट्टे दिए हैं और रजिस्ट्री की व्यवस्था भी जाएगी। कहा कि कांग्रेस वाले अगर वोट मांगने आएं तो उनसे विकास का विजन पूछिएगा। कांग्रेस धर्म की राजनीति कर रही है। अगर कांग्रेस के लोग गलती से जीत गए तो वे अपनी सरकार नहीं होने की बात कह देंगे। ना नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी। सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा और मेयर प्रत्याशी विकास शर्मा मिलकर रुद्रपुर के विकास को आगे बढ़ाएंगे। जो कार्य रुद्रपुर और उत्तराखंड के हित में नहीं होंगे, वे नहीं किए जाएंगे। गल्ला मंडी से शुरू हुआ रोड शो, मुख्य बाजार, बाटा चौक, डीडी चौक, शिवनगर होता हुआ ट्रांजिट कैंप के फुटबाल मैदान पर खत्म हुआ। इस मौके पर दायित्वधारी विनय रोहेला, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, विवेक सक्सेना, अनिल चौहान, दीपक मेहरा, राकेश सिंह, सुरेश कोली, धीरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

रोड शो के स्वागत को लेकर गल्ला मंडी से ट्रांजिट कैंप तक जगह-जगह पार्षद प्रत्याशियों ने पंडाल लगाए थे। यहां पर उन्होंने अपने समर्थकों के साथ रोड शो का स्वागत कर पुष्प वर्षा की। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संगठनों की ओर से भी रोड शो का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन करने के साथ ही उनकी ओर पुष्प वर्षा की।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को रोड शो में जगह मिलने को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे थे। ज्वाइनिंग नहीं होने की वजह से वे पार्टी कार्यक्रमों से दूर हैं, लेकिन प्रचार में जमे हैं। बृहस्पतिवार को मुख्य बाजार में उन्होंने समर्थकों के हुजूम के साथ रोड शो का स्वागत किया। उन्होंने वाहन में सवार मुख्यमंत्री और मेयर प्रत्याशी को बड़ी माला पहनाई। चंद मिनट तक गाड़ी में खड़े रहने के बाद वे वहां से उतर गए और रोड शो आगे चला गया।



## दो प्रत्याशियों ने अभी तक खर्च का विवरण नहीं

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम चुनाव में मेयर पद के दो प्रत्याशियों ने अभी तक खर्च का विवरण निर्वाचन आयोग को उपलब्ध नहीं कराया है, इसके अलावा 30 पार्षद प्रत्याशियों ने भी अपने खर्च का विवरण निर्वाचन आयोग को उपलब्ध नहीं है जिसको लेकर रिटर्निंग अफसर ने नोटिस जारी किए हैं, रिटर्निंग अफसर के मुताबिक वोटिंग से पहले तीन दिन अपने खर्चे का विवरण व्यय प्रेक्षक को दिखाना होता है लेकिन नियर पद के दो प्रत्याशियों ने ऐसा नहीं किया जिसको लेकर उसको नोटिस जारी किए गए हैं, यदि प्रत्याशी नोटिस के बावजूद भी अपना आय व्यय का खर्चा व्यय प्रेक्षक को नहीं दिखाते हैं तो उनका निर्वाचन भी रद्द हो सकता है, इसके अलावा जितनी भी अनुमति प्रशासन और निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्याशियों को दी गई है उनको रद्द भी किया जा सकता है, रिटर्निंग ऑप्शन नहीं बताया कि पार्षद प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा 3 लाख जबकि मेयर पद के प्रत्याशी के लिए खर्च की सीमा 25 लाख नियत की गई है।

## बफबारी के बाद मौसम बदलने से नैनीताल में कड़ाके की ठंड

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में गुरुवार को मौसम ने पलटी मार दी। नगर में सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर शुरु हो गया था। मौसम बदलने से नगर में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है।

बता दें मौसम विभाग ने बुधवार को ही हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया था जो गुरुवार को सही साबित हुआ। सुबह से रुक रुक कर रिमझिम बारिश शुरू हो गई थी जो सुबह 11.30 बजे तक जारी रही। वर्षा थमने के बाद धूप निकल आई। इसके बाद पूरे दिन धूप व छांव का खेल जारी रहा जबकि कुछ समय के लिए घने कोहरे ने नगर को आगोश में ले लिया। शाम के समय पुन: घने बादल आसमान में छा गए। जिस कारण बारिश व हिमपात की संभावना बनी हुई है। राज्य मौसम विभाग देहरादून के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 55 प्रतिशत रही जबकि वारिश पांच मिमी हुई। दूसरी ओर दोपहर बाद बारिश थमने के बाद नैनीताल में होटलों में दुबके पर्यटक चहल कदमी करते नजर आए।



## NEWS / फटाफट

### कूड़ा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत एक घायल

**नैनीताल ।** नैनीताल में बीते वर्ष दिनांक 26 फरवरी 2024 को रात करीब 8.30 बजे नगर पलिका का कूड़ा वाहन डीएसबी कॉलेज के पीछे मोड़ पर डीएसबी से मल्लीताल के तरफ शनि मंदिर के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु तथा एक व्यक्ति घायल हुआ था। दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच के लिए उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार को जांच अधिकारी नामित किया गया था। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों के सम्बन्ध में जानकारी रखने वाले सम्बद्ध व असम्बद्ध या अन्य व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वें 15 दिन के भीतर अपना लिखित बयान या अभिकथन अथवा मौखिक रूप एवं उक्त के संबंध में कोई साक्ष्य को कार्यालय/ न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### आज मनाया जाएगा संकष्टीहर चतुर्थी व्रत

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गांव गेठिया निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि शुक्रवार (आज)संकष्टीहर चतुर्थी व्रत मनाया जाएगा। कहा कि माघ मास में मनाया जाने वाला यह व्रत काफी महत्वपूर्ण है। आचार्य पंडित जोशी के मुताबिक इस बार संकष्टहर चतुर्थी व्रत दिनांक 17 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन यदि चतुर्थी तिथि की बात करें तो 55 घड़ी 49 पल अर्थात अगले दिन प्रातः 5.30 बजे तक चतुर्थी तिथि रहेगी। यदि नक्षत्र की बात करें तो इस दिन मघा नामक नक्षत्र 13 घड़ी 55 पल अर्थात दोपहर 12.45 बजे तक है। यदि योग की बात करें तो सौभाग्य नामक योग 44 घड़ी 24 पल अर्थात रात्रि 12.57 बजे तक है। सबसे महत्वपूर्ण यदि इस दिन के चंद्रमा की स्थिति को जाने तो इस दिन चंद्र देव पूर्ण रूपेण सिंह राशि में विराजमान रहेंगे।

### कुलपति नियुक्त होने पर दी शुभकामनाएं

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविधालय शिक्षक संघ (यूटा) ने प्रो. वाई विमला के माँ शाकम्भरी देवी विश्वविधालय सहारनपुर का कुलपति नियुक्त होने पर उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं। बता दें कि वनस्पतिशास्त्री प्रो. वाई विमला चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति रही तथा वनस्पति विज्ञान की हेड तथा डीन साइंस रही। प्रो.मूर्ति की बेटी प्रो. वाई विमला ने फि जियोलॉजी तथा फाइटोकेमिस्ट्री तथा टिशू कल्चर पर शोध कार्य किया तथा सीसीएस विश्वविधालय मेरठ को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर उनका योगदान महत्पूर्ण रहा। संयोजक प्रो. नवीन शर्मा, अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, महासचिव डॉ विजय कुमार समेत डॉ संतोष कुमार, डॉ दीपाक्षी जोशी ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### वेतन को लेकर सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन (उटा) द्वारा गुरुवार को नैनीताल दौरे पर पहुंचे सूबे के



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोक सभा सीट के सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संविदा प्राध्यापकों का वेतन यूजीसी नियमानुसार 57 हजार 700 रुपएं करने तथा दस वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को उच्च न्यायालय के निर्णय के तहत नियमित किए जाने की मांग की गयी,साथ ही नए प्रोफेसरों को लेवल 15 देने की मांग भी की। शिष्टमंडल में कूटा तथा उटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा डॉ भुवन आदि शामिल रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## 19 को देवी मंदिर में होगी नीब करौरी बाबा की मूर्ति स्थापित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर में 19 जनवरी (रविवार) से शुरु होने वाले तीन दिनी वार्षिकोत्सव समारोह में अबकी बार भक्तजनों को भंडारे के साथ मालपुएं भी प्रसाद के रुप में मिलेंगे,ऐसा इसलिए क्यों कि अबकी बार मंदिर परिसर में भैरव व हनुमान के मंदिर के बीच नीब करौरी बाबा की मूर्ति स्थापित होने जा रही है और नीब करौरी को मालपुओं का ही भोग लगाया जाता है।

मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट के मुताबिक बीते बुधवार यानी 15 जनवरी से मंदिर परिसर में मालपुएं बनाने का कार्य प्राथमिकता से शुरु कर दिया गया है जो 18 जनवरी यानी शनिवार तक बनेंगे। बताया कि अबकी बार 20 हजार मालपुएं बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मालपुएं बनने के साथ ही उनकी पैकिंग भी शुरु कर दी गयी है ताकि वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान उनके वितरण में कोई परेशानी न हो। कहा कि राजस्थान से बाबा नीब करौरी की मूर्ति भी पहुंच चुकी है।

उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव समारोह की तैयारियों में भक्तजन क्रमशन्नवीन तिवारी, प्रमोद बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, प्रमोद सुयाल, अमित डालाकोटी, त्रिलोक सिंह, विनोद तिवारी, भुवन चंद्र मेलकानी, भगवान सिंह बिष्ट, मंजू जोशी व कानू सुयाल समेत अन्य भक्तजन भक्तिभाव से जुटे हुए हैं। उन्होंने सभी भक्तजनों से तीन दिनी वार्षिकोत्सव समारोह में प्राथमिकता से भाग लेने की गुजारिश की है।

## जंगल की आग बुझाने के लिए तैयारियों को परखा जाएगा

**अल्मोड़ा।** जंगल की आग बुझाने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों की परख के लिए 30 जनवरी को जिले के तीन स्थानों पर मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल से पहले 28 जनवरी को एक बार फिर तैयारियों को परखा जाएगा। इस संबंध में आपदा प्रबंधन के सचिव विनोद कुमार सुमन ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर तैयारी पर चर्चा की और वन अग्नि रोकने के संबंध में हर समय तैयार रहने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से डीएम आलोक कुमार पांडेय ने जनपद स्तर पर की गई तैयारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को सिनौली और पश्चिमी बिनसर सहित तीन स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

# अभिमत

## मानवीय दृष्टिकोण

***अयोध्या में रामजन्मभूमि पर मुगल आक्रमणकारी बाबर ने मस्जिद बना दी थी। वर्षों से मामला न्यायालय में लंबित था। वर्ष 1992 में कारसेवकों ने विवादित ढांचे को ध्वस्त कर दिया था। रामलला का विग्रह स्थापित किया गया था। न्यायालय से निर्णय होने के बाद रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण किया गया है। वाराणसी और मथुरा में मंदिर-मस्जिद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त अन्य कई जगह मंदिर-मस्जिद का विवाद पैदा करके कुछ लोग नेतागीरी चमकाना चाहते हैं।***

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) राष्ट्रवादी संगठन है। राष्ट्र और जनहित के लिए स्वयंसेवक अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। आरएसएस प्रमुख किसी भी राजनीतिक दल, सरकार अथवा समुदाय के पक्ष में कोई बयान नहीं देते हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवाद को फिर से उठाने पर चिंता जताई है। यह मानवीय दृष्टिकोण है। भागवत ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठाकर हिन्दुओं के नेता बन जायेंगे, इसे स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस बयान के बाद सस्ती लोकप्रियता के लिए कुछ लोगों ने प्रतिक्रिया जाहिर की है। शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी राजराजेश्वराश्रम ने आरएसएस प्रमुख के बयान को सही ठहराया है और प्रतिक्रिया करने वालों की संकुचित मानसिकता पर खेद जताया है। शंकराचार्य ने सही कहा है कि सनातन के वैभव और इसकी प्रमाणिकता से अनभिज्ञ लोग सवाल कर रहे हैं। आरएसएस प्रमुख के बयान पर मंथन की जरूरत है। सनातन की परम्परा है कि कुत्ते को भी रोटी देते हैं और पक्षियों के लिए दाना देते हैं। संकीर्ण भावना नहीं होनी चाहिए। अयोध्या में रामजन्मभूमि पर मुगल आक्रमणकारी बाबर ने मस्जिद बना दी थी। वर्षों से मामला न्यायालय में लंबित था। वर्ष 1992 में कारसेवकों ने विवादित ढांचे को ध्वस्त कर दिया था। रामलला का विग्रह स्थापित किया गया था। न्यायालय से निर्णय होने के बाद रामजन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण किया गया है। वाराणसी और मथुरा में मंदिर-मस्जिद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त अन्य कई जगह मंदिर-मस्जिद का विवाद पैदा करके कुछ लोग नेतागीरी चमकाना चाहते हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मॉबलिचिंग पर कड़ी चेतावनी दे चुके हैं। वर्ष 2014 में भाजपा के केन्द्र में सत्तारूढ़ होने के बाद गोवंश को वाहन में ले जा रहे लोगों को पकड़कर भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। इस तरह की कई घटनाएं होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं संज्ञान लेते हुए हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिये। दरअसल डेयरी का व्यवसाय करने वाले गाय खरीद कर वाहन से ले जा रहे थे और उन्हें गोवंश तस्कर तथा कसाई बताकर मार डाला जाता था। गाय-भैंस पालन से दुग्ध का व्यवसाय करने वाले हिन्दुओं के साथ ही समुदाय विशेष के लोग भी बहुत बड़ी संख्या में हैं। पूरे देश में अनेक मेले ऐसे होते हैं, जहां दुधारू पशुओं की खरीद-फरोख्त होती है। पशुओं को वाहन से ले जाया जाता है। प्रधानमंत्री की चेतावनी के बाद मॉबलिचिंग पर अंकुश लग गया। अब मंदिर-मस्जिद विवाद शहरों से लेकर गांव-गांव में सामने आ रहे हैं।

# भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को खराब मौसम के बावजूद नैनीताल के रामलीला मैदान में भाजपा की नगर पालिकाध्यक्ष पद की प्रत्याशी जीवंती भट्ट तथा भवाली के प्रत्याशी प्रकाश आर्य व भीमताल की प्रत्याशी कमला आर्य के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से नगरों में विकास की गति तेज करने के लिये भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की तथा कहा कि निकायों में भाजपा की सरकार होने पर विकास तेजी से होंगे और बजट की कमी आडे नहीं आएगी। उन्होंने नैनीताल नगरपालिकाध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी जीवंती भट्ट के समर्थन में व्यापक समर्थन की अपील की। कहा कि पार्टी ने नैनीताल में कुशल एवं सशक्त प्रत्याशी दिया है जो शहर के विकास का रोडमैप जानती हैं। उनके पीछे विधायक सरिता आर्या तथा सांसद अजय भट्ट का संरक्षण है और बांकी कमी सरकार का मुखिया होने के नाते वे पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य व केंद्र सरकार द्वारा नैनीताल में संचालित योजनाओं जिनमें बलियानाला ट्रीटमेंट तथा पाषाण देवी मंदिर के समीप की पहाड़ी का ट्रीटमेंट व नैनी झील के किनारे रेलिंग निर्माण व सीवर ट्रीटमेंट प्लांट व मानस खंड मन्दिर माला योजना से श्री मां नयना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य तथा शहर के 7 चौराहों का चौड़ीकरण तथा आंतरिक मार्गों का सुधारीकरण कार्य,मेट्रोपोल कार पार्किंग, तल्लीताल में प्रस्तवित पार्किंग मुख्य हैं का विस्तार से उल्लेख किया साथ ही भवाली के कार्यों व कैंची धाम परियोजना तथा गेठिया में प्रस्तावित मानसिक चिकित्सा अस्पताल की स्वीकृति को भी मुख्यमंत्री ने जनता के समक्ष रखा। सीएम धामी ने इसी माह आ रहे यूसीसी कानून का भी उल्लेख किया साथ कहा कि सरकार डेमोग्रिफि क चेंज को बर्दाश्त नहीं करेगी। लव जिहाद तथा लैंड जिहाद व थूक जिहाद के खिलाफ की जा रही कार्यवाही व सशक्त भूकानून बनाने का भी जिक्र किया।

सभा को सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्या, पूर्व सांसद बलराज पासी, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट तथा नैनीताल नगर पालिकाध्यक्ष पद की प्रत्याशी जीवंती भट्ट, भवाली के प्रत्याशी प्रकाश आर्य तथा चुनाव प्रभारी कमल नयन जोशी व चुनाव संयोजक भानु पन्त व सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत,अरविंद सिंह पडियार, पूर्व दर्जा मंत्री शांति मेहरा, किसन पांडे तथा नगर अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट व नितिन सिंह कार्की आदि ने सम्बोधित किया। सभा में महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा समेत मारुति नंदन साह,हरीश सिंह राणा,मोहित लाल साह, हरीश भट्ट, हेम आर्या,कविता गंगोला, मनोज जोशी,पूरन मेहरा, कमलेश ढौंडियाल,रवि कन्याल, भूपाल सिंह बिष्ट, तारा राणा, विक्रम सिंह रावत, रीना मेहरा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी तथा वार्डों से चुनाव लड़ वार्ड सदस्य प्रत्याशी आदि मौजूद थे। संचालन भानु पंत व मनोज जोशी ने संयुक्त रुप से किया।

### स्कूटी क्षतिग्रस्त करने हर्जाना देने से मना किया तो बवाल

**नैनीताल।** नैनीताल में दिल्ली के एक पर्यटक ने किराए की स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर हर्जाना देने से मना किया तो बवाल हो गया। मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया। जानकारी के अनुसार दिल्ली से दो युवक बुधवार को घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे। नैनीताल में पहुंचते ही पर्यटक ने एक टैक्सी स्कूटी किराए में ले ली। शाम को वापसी के दौरान स्कूटी क्षतिग्रस्त देख स्कूटी स्वामी ने नाराजगी जताई और नुकसान की भरपाई करने की बात कही। इस पर पर्यटक स्कूटी पहले से ही क्षतिग्रस्त होने की बात कहने लगा और स्कूटी स्वामी से अभद्रता पर उतर आया। जिसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। थाने में लंबी बहस के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस की पूछताछ में पर्यटकों ने कुबूल लिया कि स्कूटी उनसे ही क्षतिग्रस्त हुई है। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों का स्कूटी की मरम्मत कराने को लेकर समझौता हो गया है।

# डॉ. पाण्डेय ने पीसीएस के माध्यम से चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट आफिसर का पद संभाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी. डी. पांडे जिला चिकित्सालय में कार्यरत फ र्मेसी ऑफि सर डा. दिनेश चंद्र पाण्डेय का अपर पीसीएस के माध्यम से महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग में चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट आफिसर के पद पर चयन हो गया है। डॉ. पाण्डेय ने विभाग के देहरादून स्थित निदेशालय में अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।

बता दें कि डा. पाण्डेय की वर्ष 2006 के जनवरी माह में फ र्मासिस्ट के पद पर प्रथम नियुक्ति सीएचसी बेतालघाट में हुई थी, उसके बाद वर्ष 2016 दिसंबर में उन्होंने राजकीय बी. डी, पांडे जिला चिकित्सालय नैनीताल में अपना योगदान दिया व उसके बाद यूके पीसीएस 2021 में चयन के बाद दूसरे विभाग मे स्वास्थय विभाग से कार्यमुक्त हुए हैं।

डा.पाण्डेय की शिक्षा की अगर बात करें तो उन्होंने कुमाऊं विवि नैनीताल से राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की है तथा वह यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण भी हैं। वर्ष 2015 में इनका चयन राजकीय महाविद्यालय भतरौजखान में संविदा एसिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर भी हुआ था। उनकी प्राथमिक शिक्षा प्राइमरी पाठशाला पनुवनौला अल्मोड़ा से हुई उसके पश्चात उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत अल्मोड़ा में हुआ तथा उन्होने ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन गवर्नमेंट पीजी डिग्री कालेज रानीखेत से किया। डा.पाण्डेय के मुताबिक वह अपर पीसीएस की तैयारी वर्ष 2010 से कर रहे थे,इस दौरान वर्ष 2010 तथा वर्ष 2012 के एग्जाम में ये इंटरव्यू तक पहुँचे थे अंततः वर्ष 2021 में उन्हें सफ लता मिली।

कहा कि यह साबित करता है कि लगातार कोशिश करने व समाज के प्रति सद्भाव से अगर कार्य करने की इच्छा हो तो 19 वर्ष की राजकीय सेवा पश्चात भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। बताते चले नैनीताल में अपनी तैनाती के दौरान डा. पाण्डेय ने कोविड- 19 महामारी की रोकथाम हेतु वैक्सीनेशन करवाने में बहुत ही सर्वोच्च कार्य किया जिस करण उन्हें नैनीताल रत्न अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

बीते दिनों देहरादून रवानगी से पूर्व राजकीय बी. डी. पांडे जिला चिकित्सालय परिवार ने उन्हें कार्यमुक्ति पर विदाई दी तथा उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना की।

## फिल्मी दुनिया

# राम चरण का नहीं चल पा रहा जादू, लाखों में सिमटी फतेह



*सोनू सूद और साउथ अभिनेता राम चरण की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फीकी साबित हो रही हैं। कमाई के मामले में इनकी हालत काफी खराब चल रही है। वहीं, 'पुष्पा 2' और 'मुफासा' की कमाई में भी लगातार गिरावट जारी है। बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कमाई के मामले में सभी फिल्में लड़खड़ाती नजर आ रही हैं। हालिया रिलीज 'गेम चेंजर' और 'फतेह' की हालत भी ठीक नहीं चल रही। सोनू सूद की फिल्म की कमाई तो लाखों में सिमटती जा रही है। वहीं, 'मुफासा' और 'पुष्पा 2' के कलेक्शन में भी लगातार गिरावट जारी है। आइए जानते हैं किस फिल्म ने अब तक कितना कलेक्शन किया है। राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' को रिलीज हुए पूरे एक सप्ताह हो चुके हैं। फिल्म ने छठे दिन कुल 4.54 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। बुधवार की तुलना में फिल्म की कमाई में लगभग 35 प्रतिशत की कमी आई है। 450 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म ने पहले सप्ताह में 117.69 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।*

*सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' ने 10 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दिया है। फिल्म की कमाई लाखों में सिमट चुकी है। रिलीज के सातवें दिन फिल्म ने महज 66 लाख का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'फतेह' ने अब तक 11.01 करोड़ का कलेक्शन किया है।*

### मुफासा और पुष्पा 2 अल्लू अर्जुन की फिल्म का अच्छा प्रदर्शन

*हॉलीवुड फिल्म 'मुफासा' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तक 133.32 करोड़ का कलेक्शन किया है। अपने रिलीज के 28वें दिन फिल्म ने 25 लाख का कारोबार किया है। भारत में कलेक्शन के मामले में 'मुफासा' ने कई हॉलीवुड फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।*

*अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए तकरीबन डेढ़ महीने हो चुके हैं। फिल्म ने अब तक कुल 1224.65 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं, आज 43वें दिन इसने बॉक्स ऑफिस से 65 लाख रुपये की*

# कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत आरोही संस्थान का भ्रमण कराया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से चल रहे 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत चौथे दिन यानी गुरुवार को 132 प्रतिभागियों को ग्राफि क एरा यूनिवर्सिटी से नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के ग्राम सतोली स्थित आरोही संस्थान का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान आरोही संस्था के द्वारा तेल उत्पादन किस प्रकार किया जाता है और अन्य जानकारियां दी गई तदुपरांत युवती मंडल रामगढ़ की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जबकि लोकल महिला समूह द्वारा उत्पादित ऊनी वस्त्र अन्य प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही वहां के स्थानीय लोगों द्वारा युवाओं को स्थानीय व्यंजनों को परोसा गया। इस दौरान कश्मीरी युवाओं द्वारा स्थानीय खानपान की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई और यहां के खान-पान से कश्मीरी युवा खासे ही उत्साहित हुए कहीं प्रतिभागियों ने खुद स्थानीय व्यंजन बनाने में अपना सहयोग दिया और व्यंजनों को किस प्रकार से बनाया जाता है इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। आरोही संस्थान के प्रभारी डा.पंकज तिवारी व अशोक कुमार का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सहयोग कर रहे अविनाश कुमार सिंह, योगेश कुमार, दिवाकर भाटी एवं हरगोविंद सिंह मेहरा एवं प्रवेश सिंह द्वारा प्रतिभागियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन किया गया। इससे पूर्व प्रातः काल में स्थानीय मैदान में इंटर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता एवं क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया।

## News कॉर्नर

### नियमितीकरण को 195वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन गुरुवार को 195वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में कडाके की ठंड में बारिश के बावजूद पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के जोश में में कोई कमी नहीं देखी गयी। उन्होंने पर्यटक आवास गृह परिसर में स्थित हिंगला देवी वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, पदम सिंह, वेद प्रकाश, शोभा राम, राजेंद्र, दीपक रावल व नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### नुक्कड नाटक का आयोजन

**नैनीताल।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज मालधनचौड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के अर्न्तगत छठवें दिवस में स्वयंसेविकाओं द्वारा अभिग्रहित ग्राम गौतमनगर मालधन चौड़ नंबर पांच में मतदान के अंतर्गत सुगम मतदान -सबका सम्मान के अर्न्तगत रैली नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।

विशेष शिविर के अंतर्गत ही अभिभहित ग्राम में जल संरक्षण तथा स्वच्छता पर भी रैली एवं नुक्कड़ नाटकों व गानों का आयोजन किया गया। गाँव में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। ग्राम प्रधान द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा है। शिविर कार्यक्रम अधिकारी बिन्दु साह के निर्देशन में किया जा रहा है, सह प्रभारी नन्दिनी कोहली द्वारा भी मतदान के महत्व में स्वयंसेविकाओं को अवगत कराया गया। शिविर में प्रधानाचार्या सपना सिंह समेत डा०मीनाक्षी ,कुसुमलता, शत्रुहन सिंह, महातम यादव, अजीम सैफी उपस्थित थे जिनके द्वारा स्वयंसेविकाओं को अपने विचारों से अवगत कराया गया।

# रोड शो में विकास की जगह जुमलों का बोलबाला: ललित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



आगामी नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर भाजपा का रोड शो विवादों में घिर गया है। मेयर पद के प्रत्याशी ललित जोशी ने इस रोड शो को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी संभावित हार से इतनी भयभीत है कि उसने भीड़ जुटाने के लिए बाहरी क्षेत्रों से लोगों को बसों में भरकर लाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद हल्द्वानी की जनता में उत्साह नहीं दिखा। ललित जोशी ने कहा कि जिस हल्द्वानी की जनता को भाजपा से जुड़ने और समर्थन देने के लिए आकर्षित करना था, वह इस रोड शो से दूर रही। उन्होंने आरोप लगाया कि रोड शो में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्टार प्रचारक के तौर पर लाया गया, लेकिन उन्हें यह एहसास ही नहीं हुआ कि जो भीड़ उनके सामने है, वह हल्द्वानी की नहीं, बल्कि कालाढूंगी, लालकुआं, गौलापार, नैनीताल, भीमताल और कोटाबाग जैसे क्षेत्रों से जुटाई गई है।

ललित जोशी ने कहा कि रोड शो के दौरान भाजपा नेताओं के चेहरों पर आत्मविश्वास की कमी और हार का डर साफ नजर आ रहा था। कई बड़े नेता कार्यक्रम से दूरी बनाए रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा अब विकास के मुद्दों पर बात करने के बजाय जाति और धर्म की राजनीति का सहारा ले रही है।

जोशी ने भाजपा पर विकास के मुद्दों को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, रोड शो के दौरान महंगाई, बेरोजगारी और शहर के विकास पर कोई बात नहीं की गई। मुख्यमंत्री के सामने शहर की टूटी सड़कों और गंदगी से भरी नालियां थीं, लेकिन उन्होंने इन पर ध्यान नहीं दिया। जनता अब जुमलों से थक चुकी है और वास्तविक बदलाव चाहती है।

जोशी ने यह भी दावा किया कि भाजपा का यह रोड शो पूरी तरह असफल रहा। उन्होंने कहा, भाजपा का विकास का वादा केवल कागजों और मंचों तक सीमित है। हल्द्वानी की जनता अब इन जुमलों में फंसने वाली नहीं है। इस बार जनता ने बदलाव का मन बना लिया है, और भाजपा का यह रोड शो उनकी हार का संकेत दे रहा है।

ललित जोशी ने जनता से अपील की कि वे इस चुनाव में केवल उन प्रत्याशियों को चुनें जो विकास, रोजगार और शहर की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध हों। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी की जनता अब समझ चुकी है कि उसे विकास चाहिए, न कि राजनीति और जुमले। जनता का मूड इस बार बदलाव की ओर इशारा कर रहा है।

# पीएम मोदी के आगमन से चार घंटे पहले प्रवेश करेंगे सभी खिलाड़ी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



इस दौरान मार्च पास्ट की अगुवाई को लेकर भी चर्चा हुई। लगभग तय है कि देश-दुनिया में उत्तराखंड का परचम लहरा चुके बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ही मार्च पास्ट की अगुवाई करेंगे। 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ करेंगे तो सभी टीमों को उनके आगमन से चार घंटे पहले स्टेडियम में प्रवेश करना होगा, ताकि खिलाड़ियों के मार्च पास्ट में कोई बाधा न आए।

प्रधानमंत्री के सुरक्षा इंतजामों के मद्देनजर गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमिटी (जीटीसीसी), शेफ डी मिशन और खेल अधिकारियों की बैठक में मार्च पास्ट संबंधी निर्देश दिए गए। सुनिश्चित किया गया कि जीटीसीसी शेफ डी मिशन के सुझावों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगी। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान मार्च पास्ट की अगुवाई को लेकर भी चर्चा हुई। लगभग तय है कि देश-दुनिया में उत्तराखंड का परचम लहरा चुके बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ही मार्च पास्ट की अगुवाई करेंगे। उनके साथ राज्य के अन्य ओलंपियन खिलाड़ी और वरिष्ठ पदक विजेता शामिल होंगे। सेन के नाम पर आधिकारिक सूचना जल्द जारी हो सकती है। राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा ले रहे सभी राज्यों के शेफ डी मिशन (राज्य के प्रमुख खेल संयोजक) इस समय देहरादून में सक्रिय हैं। करीब 20 शेफ डी मिशन देहरादून दौरे पर आए हैं और 10 अन्य ऑनलाइन जुड़े हैं। सभी ने बुधवार को परेड ग्राउंड और महाराणा प्रताप स्टेडियम के खेल स्थलों की तैयारियों का जायजा लिया। दो दिवसीय बैठक के दौरान खिलाड़ियों के ठहरने के स्थान, मान्यता पत्र जारी करने, अन्य इंतजाम, खान-पान आदि को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में जीटीसीसी अध्यक्ष सुनैना कुमारी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरी कांग्रेस, किच्छा विधायक पर आरोप

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**

किच्छा विधायक और पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर जनता की मीटर है। निजी कंपनी को इसे लगाने का ठेका मिला हुआ है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए।

रुद्रपुर में किच्छा विधायक और पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर जनता की मीटर है। निजी कंपनी को इसे लगाने का ठेका मिला हुआ है। जब ये घरों पर लगेंगे तो इससे लोगों का उत्पीड़न होगा। कांग्रेस इस मीटर को किसी कीमत पर लगने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा मीटर के नाम पर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। कांग्रेस इसकी लड़ाई लड़ेगी।



# गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को रुप रेखा तैयार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी सभागार नैनीताल में गुरुवार को आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में रुप रेखा तैयार की गई।

प्रशासनिक अधिकारी बी.एस. देवड़ी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रमुख राजकीय भवनों के प्रकाशीकरण 25 और 26 जनवरी को सांयकाल 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक रहेगा साथ ही 25 और 26 जनवरी को सुबह 6 से रात्रि 11 बजे लाउडस्पीकर के माध्यम से देश भक्ति और देश प्रेम गीतों का प्रसारण किया जाएगा। 26 जनवरी को जनपद के मुख्यालयों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवं शासकीय कार्यालयों में सुबह 9.30 बजे झंडारोहण किया जाएगा साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत 31 जनवरी तक समस्त शासकीय विभागोंध्स्थानीय निकायों द्वारा व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा।

कहा कि नैनीताल में गोलघर मल्लीताल से गांधी चौक तथा हल्द्वानी में रामलीला मैदान से मुख्य मार्ग तथा शहीद चौक आदि सभी जगहों में सुबह 8 बजे से प्रभात फेरी शुरू की जाएगी। नैनीताल में तल्लीताल स्थित गांधी चौक, दर्शन घर तथा डा. अम्बेडर व शहीद मेजर राजेश अधिकारी और मल्लीताल स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत मूर्ति में माल्यार्पण सुबह 10.30 बजे से शुरु किया जाएगा जिसके लिए उन्होंने नगर पालिका नैनीताल के अधिकारियों को पार्क और अन्य स्थानों मालाओं और साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बताया कि मल्लीताल फ्लैट में सुबह 11 बजे से पुलिस परेड शुरु होकर 12.30 बजे समाप्त की जाएगी जिसमें पुलिस परेड के साथ एनसीसी व होमगार्ड एवं आर्मी स्काउट अपनी सहभागिता निभाएंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दोपहर तीन बजे से समस्त नगर पालिकाए पंचायत हाल में गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो दिन तक छोटे बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को नैनीताल जू में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

बैठक में एपीडी चंद्रा फ र्त्याल, एसीएमओ डा. संजीव खर्कवाल, ईई यूपीसीएल एस. के. सहगल तथा एई डीएस बिष्ट, वनक्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा तथा प्रधान सहायक नगर पालिका भीमताल ललिता भट्ट आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार नरेश की माता के निधन पर शोक जताया

**नैनीताल।** नैनीताल में कार्यरत पत्रकार नरेश कुमार की माता जानकी देवी ( 67) का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया है। वह पिछले लंबे समय से अस्वस्थ थीं। भवाली स्थित शिप्रा नदी के घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम शव यात्रा में उनके परिजनों समेत विभिन्न संगठनों के लोग व समस्त पत्रकार शामिल रहे। पत्रकार की माता के निधन पर नगर व आसपास के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

# हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति की भी उपचार के दौरान मौत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के समीपवर्ती आलूखेत क्षेत्र में बुधवार को हुए हादसे में दूसरे घायल की भी उपचार के दौरान मौत हो चुकी है जबकि एक की मौत हादसे के दौरान ही हो चुकी थी।

बता दें कि बुधवार की शाम को तल्लीताल जू रोड निवासी किरन कुमार डंगवाल (70) व सूरज कुमार (32) नैनो कार संख्या से हल्द्वानी से नैनीताल को आ रहे थे। वह मुख्य मार्ग से ना होते हुए गेठिया से आलूखेत होते हुए नैनीताल को निकल गए। वह आरसीसी मार्ग से गेठिया से आलूखेत पहुंचे ही थे कि वहां मार्ग का काम चल रहा था जिसके चलते रास्ता बंद था। वह ढलान में वाहन बैक करते हुए वापस लौट ही रहे थे कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे 50 मीटर नीचे गिर गया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रेस्क्यू कर दोनों को सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने किरण कुमार डंगवाल को मृत घोषित कर दिया वहीं देर रात सुशीला तिवारी से सूरज कुमार को हायर सेंटर रेफ र किया लेकिन उसने भी देर रात दम तोड़ दिया। अब सड़क में काम करा रहे लोगों पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि नीचे अगर सड़क बंद होने का बोर्ड लगा होता तो यह हादसा नहीं होता। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया।

# उद्योगपति विडलान्स की तीसरी जमानत याचिका पर कोई राहत नहीं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट के शीतकालीन अवकाश के न्यायधीश न्यायमूर्ती आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने देहरादून के उद्योगपति सुधीर कुमार विडलान्स की तीसरी जमानत याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद शीतकालीन न्यायमूर्ती ने फिलहाल उन्हें कोई राहत नहीं देते हुए सरकार से 23 जनवरी (गुरुवार) तक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई 23 जनवरी (गुरुवार) को होगी। मामले के अनुसार उद्योगपति सुधीर कुमार विडलान्स ने तीसरी जमानत प्रार्थना पत्र दायर कर कहा है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नही है ए इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाय। जबकि इसका विरोध करते हुए विपक्षी द्वारा कहा गया कि पूर्व में कोर्ट ने इनकी दो जमानत याचिकाएं खारिज की है। यह इनकी तीसरी जमानत याचिका है। इसको भी निरस्त किया जाय। जिसपर कोर्ट ने सरकार से विस्तृत रिपोर्ट 23 जनवरी तक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा । मामले के अनुसार विडलान्स देहरादून के एक महशूर बिल्डर हैं। इन्होंने अपने जाल में फंसाकर गरीब व अन्य लोगों की जमीन को एक अन्य कारोबारी को बेच दिया, जब इसकी शिकायत पीडितों ने बार बार राज्य सरकार से की गई तो राज्य सरकार हरकत में आकर इसकी जाँच सीबीआई से कराई ।

# चरस की तस्करी में सश्रम कारावास व 50 हजार अर्थदंड

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस विक्रम सिंह की अदालत से चरस की तस्करी के आरोपी हल्द्वानी निवासी कुनाल को तीन वर्ष के सश्रम कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास होगा।

घटनाक्रम के मुताबिक आठ फरवरी 2018 को वनभूलपुरा के उपनिरीक्षक संजीत कुमार राठौर हमराही के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। चोरगलिया के पास उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह सकपका गया और तेजी से लाल कार की ओर जाने लगा। पुलिस ने शक होने पर पीछा किया और कार में बैठने से पूर्व उसे धर लिया। इस दौरान भी वह भागने का प्रयास करने लगा। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चरस बरामद हुई, तोलने पर इसका वजन 162 ग्राम पाया गया। पूछताछ में उसकी पहचान कुनाल अधिकारी निवासी मकान नंबर 116 सुभाष नगर के रूप में हुई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी पूजा साह ने आरोपी को अभियुक्त ठहराने के लिए पांच गवाह पेश किए। जिसके आधार पर एडीजे ने आरोपी को सजा सुनाई।